एक नजर में

**बिरसा मुंडा जयंती पर नेत्र शिविर आयोजित**

**ब्यावरा 15 नवंबर, का.** बिरसा मुंडा जी की जयंति के उपलक्ष में ग्राम पंचायत पीपल हेला में निशुल्क नेत्र जाँच शिविर का आयोजन किया गया. संचालन भोपाल सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया. जिसमें कुल 90 लोगों की आँखों की जाँच की गई जिसमे मतियाबिन ऑपरेशन के लिए भोपाल सेवा सदन रेफेर किया गया. सरपंच रामचंद्र नागर, मंत्री रामप्रसाद कारपेंटर एवं सचिव सुनील कुमार नागर ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में पहुँचकर अपनी आँखों की जाँच कराई. डॉक्टरों ने आँखों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपचार संबंधी जानकारी, सावधानियाँ तथा आगे की चिकित्सा प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया. इस नेत्र शिविर ने बिरसा मुंडा जी की जयंति पर ग्राम पंचायत में जनजागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा का उत्कृष्ट संदेश दिया. इस मौके पर समाज सेवी संस्था खुशियों का ओटला की टीम ने अहम योगदान दिया. संस्था संचालक डॉ सुरजीत सिंह, काजल सिंह, डॉ धर्मेंद्र यादव, मोहन दांगी, पायल, राधिका जाटव, सोनम ख़ान, सुष्मिता देव, कनक हर्षिता सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

**नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर कल**

**ब्यावरा 15 नवंबर, का.** शहर में पहली बार आयुर्वेद न्यूरो थैरेपी एवं नि:शुल्क नाड़ी परीक्षण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सोमवार को सुठालिया रोड सब्जी मंडी के सामने स्थित श्री राधे मेडिकल स्टोर पर किया होगा. जिसमें भोपाल के प्रसिद्ध आयुर्वेद डॉ. विशाल सोनी अपनी सेवा देंगे. शिविर प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक लगाया जाएगा. ग्राम सेमलिकला व हिम्मतपूरा में बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बाल विवाह रोकने अभियान जारी**

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 प्रभावी ढंग से लागू हो सके. इसके लिए लड़कियों के लिए विवाह की कानूनी उम्र 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष है. बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है. बल्कि बच्चों के भविष्य के लिए अत्यंत हानिकारक भी है. भोजपुर थाना प्रभारी मनीष शर्मा द्वारा नातरा झगड़ा प्रथा, बाल सगाई, बाल विवाह को समाज के विकास में बाधक बताया और कहा इसे समाप्त करें पुलिस आपके साथ है. कार्यपालन यंत्री पीएचई आर.एल. शेखवार ने बताया कि बालिकाओं को विवाह से पहले पूर्ण शिक्षा देना आवश्यक है तथा सही उम्र में ही विवाह कराना चाहिए. उन्होंने ग्रामवासियों से अपने गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया. प्रभारी परियोजना अधिकारी संतोष चौहान ने बताया कि यदि कहीं बाल विवाह होने की आशंका हो, तो उसकी सूचना दे.बाल संरक्षण अधिकारी सुश्री रिंकी धाकड़ ने कहा कि बाल विवाह एक कुप्रथा व क़ानूनन अपराध है. जिससे हमें अपने बच्चों की सुरक्षा करनी है तथा शिक्षा प्रदान करके उनके भविष्य को संवारना चाहिए.

# 30 प्रतिशत तक मिली पानी की मिलावट

## 290 में से 110 सैम्पल में मिला पानी, लगातार चौथे दिन भी दुग्ध संघ ने की सैम्पलिंग

**दूध का दूध और पानी का पानी अभियान सम्पन्न**

**लोगों को पाश्चुराईज दूध उपयोग करने की सलाह**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 नवंबर, का. भोपाल दुग्ध संघ सांची द्वारा राजगढ़ और ब्यावरा नगर में घरों तक पहुंचकर दूध के उपयोग की जांच की. इस दौरान दूध में पानी की मिलावट 5 से 30 प्रतिशत तक पाई गई. जांचकर्ताओं ने लोगों से पाश्चुराईज दूध का उपयोग करने की अपील की है. लेकिन आश्चर्यजनक बात यह है कि 290 में से 110 सैम्पलों में पानी की मिलावट पाई गई है. और खुला दूध भी अधिकतम 30 प्रतिशत तक पानी मिला हुआ पाया गया है.**

शनिवार को जिले की भंवर कॉलोनी में दूध का दूध पानी का पानी अभियान आयोजित किया गया. जांच के दौरान कुल 38 उपभोक्ताओं एवं खुले दूध के विक्रेताओं से सैंपल्स लिए. इसमें दूध के 35 तथा दही, घी और पनीर के एक-एक सैंपल थे. दूध के कुल 35 सैंपल्स में से 15 सैंपल्स में पानी की मिलावट पाई गई तथा 4 सैंपल्स असामान्य पाए गए.

**दुग्ध उत्पादक जिले में खालिस दूध नहीं मिला**

इधर करीब तीन सौ के आसपास सैम्पलों में आधे में पानी की अधिक मिलावट के बाद चिंता का विषय यह भी है कि दुग्ध उत्पादक जिले में पाश्चुराईज दूध की उपलब्धता कम है. त्यौहारों के समय सचेत होने वाला खाद्य विभाग वर्ष भर की गतिविधियों में इसे शामिल क्यों नहीं करता. जिले में नकली दूध, मावा आदि खूब बिक रहा है. अब घरेलू उपयोग में भी सही दूध नहीं मिल पाना चिंता का विषय है. यह पोषण और प्रोटीन की जरूरत में कितनी बड़ी बाधा है समझा जा सकता है.

**पाश्चुराईज दूध का उपयोग पोषण की दर सुधारेगा**

अभियान के दौरान भोपाल दुग्ध संघ की ओर से प्रभारी ग्रामीण विपणन सुश्री निधि सिंह राजपूत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री, पी.एस. ठाकुर एवं अन्य अमला उपस्थित रहा. खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री खत्री द्वारा खुले दूध के विक्रेताओं को अनिवार्यत: खाद्य पंजीयन कराने हेतु निर्देशित किया. इसके अलावा समस्त उपभोक्ताओं को जागरुक करते हुए उन्हें यह बताया गया कि केवल और केवल पाश्चुराइज्ड दूध का ही सेवन करें. बिना पाश्चुरीकृत दूध सेहत के लिए हानिकारक है. साथ ही सांची के लोकप्रिय उत्पाद जैसे नमकीन मठा, मीठा दही और पनीर का वितरण भी उपभोक्ताओं को किया गया. असामान्य पाए जाने वाले सैंपल्स के संबंध में पुष्टि के लिए इनसे संबंधित निजी डेयरियों से खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री खत्री द्वारा दूध एवं घी के सैंपल्स लिए गए.

## जल सत्याग्रह के बाद काम हुआ शुरू, हल्के वाहन गुजरे



# अगली बारिश तक के लिए रपटा तैयार

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ 15 नवम्बर, सं. नरसिंहगढ़ से करीब 10 किमी दूर बैरसिया और नरसिंहगढ़ रोड पर बरायठा के समीप पार्वती नदी पुल के जींणशीर्ण होने से आवाजाही बंद होने के कारण राजगढ़ सहित भोपाल, विदिशा और सीहोर जिले के नागरिकों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है.** इस गंभीर समस्या तथा यहां वैकल्पिक रास्ता बनाने की मांग को लेकर किसान कांग्रेस ग्रामीण भोपाल द्वारा गत सोमवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल कर जल सत्याग्रह किया था. प्रशासन द्वारा रपटे का काम शुरू कर दिया गया है. मुरम की क्रस्ट बनाई गई है जिस पर हल्के वाहन गुजरने लगे है. बैरसिया एसडीएम को नदी के पानी में खड़े होकर ज्ञापन सौंपा गया था. हालांकि रपटा अगली बारिश यानी बमुश्किल 6 से 7 महीनों तक काम करेगा. इसके बाद बारिश होने पर फिर से दिक्कतें होगी. अंतिम रूप से पुल निर्माण ही समस्या का स्थायी हल होगा. इसके लिए जिम्मेदारों को प्रयास करने की जरूरत है.

# खेतों से मोटरें चुराकर बेचते थे कबाड़ी को, गिरोह धराया

## 5 आरोपी हिरासत में, एक आरोपी फरार




नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** राजगढ़ जिले में चोरी की वारदातों पर प्रभावी थाना कालीपीठ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस टीम ने मोटर चोरी करने वाले एक सक्रिय गैंग का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा चोरी गया पूरा मशरूका जप्त किया गया है. जिसमें किसानों की चोरी गई 8 पानी की मोटरें जिनकी कीमत 1 लाख 10 हजार तथा 35 हजार की मोटरसाइकिल सहित कुल 1 लाख 45 हजार का मशरूका बरामद किया है.

बीते 8 नवंबर की रात फरियादी जसरथ सिंह पिता नंदलाल सौंधिया निवासी नाईपुरिया के कुएँ से पानी की मोटर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई. फरियादी की सूचना पर थाना कालीपीठ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए भौतिक साक्ष्यों, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर प्रथम चरण में दो आरोपियों गजरा उर्फ गजराज बर्मा (निवासी ग्राम गादिया) राजेश पिता जगन्नाथ तंवर (निवासी ग्राम गंगापाठ) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई. पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार करते हुए अपने अन्य साथियों के नाम उजागर किए. इनमें रमेश पिता लालजी सोंधिया (निवासी बनानिया) रामबाबू पिता मदनलाल तंवर (निवासी भवानीपुरा) शामिल हैं.

इन सभी से पुलिस रिमांड पर पूछताछ में दो और नाम सामने आए जिनमें रोड़ू तंवर निवासी पिंडोला, थाना दांगीपुरा फरार है. वहीं कबाड़ी जाकिर हुसैन पिता वसीर अहमद (उम्र 40 वर्ष, निवासी कुम्हार मोहल्ला, राजगढ़ ने चोरी की मोटरें खरीदने की बात स्वीकार की है. कार्यवाही में पुलिस टीम की ओर से उप निरीक्षक जितेंद्र अजनारे, उनि अरुण जाट, सउनि सुनील मालवीय, प्र.आर बलिस्टर रघुवंशी, लखन मीणा, गोपाल माली, हेमंत भार्गव, सोनू, जितेंद्र, राहुल रजक, संदीप पुष्पद, रईस खान का योगदान रहा.

**रंगलाल भगतजी का निधन**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 नवंबर, का.** समीपस्थ ग्राम मोहनीपुरा निवासी श्री रंगलाल दांगी का गत दिवस हृदयाघात से निधन हो गया. वे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में आगे रहते थे. वे मंदिरों पर भजनों के आयोजनों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते थे. उनके निधन से धार्मिक जगत में गहरा शोक व्याप्त है.

# 15 दिनों में करनी होगी 6 करोड़ की वसूली, वरना नपेंगे

## जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के शाखा प्रबंधको की बैठक आयोजित, कलेक्टर ने चेताया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजगढ से सम्बद्ध 14 शाखाओं के शाखा प्रबंधक / पर्यवेक्षक एवं प्रधान कार्यालय राजगढ़ के समस्त कक्ष प्रमुखों की समीक्षा बैठक कलेक्टर एवं प्रशासक डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई. बैठक में खरीफ रबी ऋण की शेष कालातीत वसूली की शाखा संस्थावार समीक्षा की गई हैं. शेष 640.17 लाख रुपए 30 नवम्बर, 2025 तक जमा करने के निर्देश दिए. कम वसूली वाले संस्था प्रबंधकों शाखा प्रबंधकों को नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया हैं. साथ ही उर्वरक व्यवस्था की समीक्षा भी की गई. जिले के समस्त कृषकों को नियमित एवं आवश्कता के अनुरूप खाद प्रदाय करने संबंधी निर्देश दिए गए. इस दौरान पी.एस. बारोटिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सचिन जैन उप संचालक कृषि विभाग, प्रधान कार्यालय के समस्त कक्ष प्रमुख एवं समस्त शाखा प्रबंधक पर्यवेक्षक उपस्थित रहे.



# खाली ना रहे रक्तकोष, रेयर ग्रुप का ब्लड रखें सुरक्षित

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने जिला चिकित्सालय परिसर स्थित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक में उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा मानकों, रक्त भंडारण प्रक्रिया और उपकरणों की स्थिति का आकलन किया. साथ ही रक्त यूनिट्स की उपलब्धता, रक्त संग्रहण एवं संरक्षण की प्रणाली, तापमान नियंत्रण, परीक्षण लैब की स्थिति तथा मशीनों की कार्यक्षमता का जायजा लिया. उन्होंने निर्देश दिए कि रक्त की उपलब्धता लगातार अद्यतन रखी जाए. ताकि जिले के मरीजों को किसी भी परिस्थिति में रक्त संकट का सामना न करना पड़े. निरीक्षण के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य मुकेश सेन और ब्लड बैंक के प्रभारी राजकुमार भिलाला भी मौजूद रहे. प्रभारी ने ब्लड बैंक की वर्तमान व्यवस्था, उपलब्ध रक्त यूनिट्स की स्थिति, विभिन्न समूहों के स्टॉक तथा दैनिक कार्यप्रणाली की जानकारी साझा की. इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया. उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजित करती है और आगे भी अधिक संख्या में रक्तदान शिविर लगाने की योजना बनाई जाएगी. ताकि ब्लड बैंक में सभी रक्त समूहों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रह सके. उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ब्लड बैंक में आने वाले दाताओं को सम्मानित किया जाए और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अस्पताल परिसर, स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं में अभियान चलाया जाए.

# जेनेरिक दवाओं के स्टॉक देखने पहुंचे कलेक्टर

## कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल में जन औषधि केंद्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला चिकित्सालय परिसर में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध दवाओं की विविधता, स्टॉक की स्थिति, मूल्य सूची, वितरण प्रक्रिया तथा मरीजों को दी जाने वाली सुविधा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने केंद्र संचालकों से दवाओं की नियमित उपलब्धता बनाए रखने, स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन रखने और मरीजों को दी जाने वाली दवाओं की गुणवत्तापूर्ण जानकारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का मुख्य उद्देश्य आमजन को बाजार मूल्य से काफी कम दर पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने बताया कि अस्पताल में आने वाले अधिकांश मरीज आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से जुड़े होते हैं और महंगी दवाएं खरीदने में असमर्थ होते हैं. ऐसे में जन औषधि केंद्र उनके लिए बड़े सहारे के रूप में कार्य करता है. इसलिए, केंद्र की व्यवस्था हमेशा सुव्यवस्थित और पारदर्शी होनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें.




# उत्पन्ना एकादशी पर सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे खाटूधाम

## हाईवे पर दिखीं श्रद्धालुओं की कतारें

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 नवंबर, का. नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर में शनिवार को उत्पन्ना एकादशी का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया. इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. सुबह की आरती से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था, जो दिनभर जारी रहा. मंदिर प्रबंधन समिति ने पहले से तैयारियां की थीं.**

बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे और सुगंधित पुष्पों से किया गया. मंदिर परिसर को पुष्पमालाओं, रंगीन रोशनी और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप से सजाया गया था. शहर के साथ-साथ आसपास के गांवों, कस्बों और पूरे जिले से बड़ी संख्या में भक्त पैदल, वाहनों और समूहों में मंदिर पहुंचे. दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और बाहरी गलियां भक्तों से खचाखच भर गईं. इस पावन अवसर पर आसपास के कई गांवों से ढोल-धमाकों और डीजे की धुन पर झूमते हुए भक्तों ने भव्य निशान यात्राएं निकालीं. इन यात्राओं के माध्यम से भक्तों ने बाबा के दरबार में निशान समर्पित किए.

शहर की पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली विशाल निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही. अत्यधिक भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा. सिटी थाना पुलिस द्वारा अतिरिक्त बल तैनात किया गया था. नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन, भीड़ नियंत्रण और सुचारु दर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. भीड़ के दबाव के कारण हाईवे पर ट्रैफिक डायवर्ट कर भारी वाहनों को वन-वे मार्ग से निकाला गया, ताकि मंदिर क्षेत्र में कोई बाधा न हो.

**उत्सव** | **जनजातीय गौरव दिवस पर अमर क्रांतिकारी बिरसा मुण्डा को याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए**

# जंगलों से देश की आजादी की लड़ाई लड़ी बिरसा मुण्डा ने

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 नवंबर, का.** जिला पंचायत में शनिवार को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के अवसर पर भव्य जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की. कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री श्री पंवार जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के संदेशों को सुना और उनके मार्गदर्शन को जनजातीय समाज के उत्थान हेतु प्रेरणादायी बताया.




अपने उद्बोधन में राज्यमंत्री ने कहा कि आज का दिवस सम्मान और गर्व का प्रतीक है. भगवान बिरसा मुंडा जी ने अपने अलौकिक त्याग, संघर्ष और जनसेवा से समाज के लिए प्रेरणादायक मार्ग तैयार किया और अपने कर्मों के द्वारा भगवान का दर्जा प्राप्त किया. उन्होंने बिरसा मुंडा जी के जीवन, उनके संघर्षों और उनके द्वारा जनजातीय समाज में जगाई गई चेतना का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें उनके विचारों और मूल्यों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए. राज्यमंत्री श्री पंवार ने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे अवश्य बिरसा मुंडा जी के जीवन- परिचय और योगदान को पढ़ें तथा नई पीढ़ी को भी उससे परिचित कराएं. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समाज के विकास हेतु किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है. शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, सड़क, पेयजल, छात्रावास निर्माण एवं सुरक्षा से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं. कार्यक्रम में अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया. जिनमें जनजातीय संस्कृति की झलक विशेष रूप से देखने को मिली. प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए राज्यमंत्री श्री पंवार ने प्रत्येक को 5 हजार रूपए की राशि प्रदान कर सम्मानित किया. इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को मसूर की भारत बीज की किटों का वितरण किया तथा विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए. कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा पूर्व विधायक प्रताप सिंह मंडलोई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इच्छित गढ़पाले, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, मनोज हाडा, दीपेंद्र सिंह चौहान, मनीष जोशी, राम भील, अमित शर्मा, राजू यादव, विभागीय अधिकारी श्रीमती निशा जैन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.